<u>भ्रमण आख्या- जनपद झाँसी एवं चित्रकूट</u>

दिनांक 01.08.2018 से 02.08.2018 को जनपद झाँसी एवं दिनांक 03.08.2018 से 04.08.2018 को जनपद चित्रकूट का भ्रमण हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के कार्यो की प्रगति एवं सपोर्टिव सुपरविज़न हेतु किया. भ्रमण के दोरान ए.सी.एम.ओ. जनपद झाँसी एवं चित्रकूट, रीजनल कोऑर्डिनेटर झाँसी,डी.पी.एम.,डी.सी.पी.एम. साथ में थे. इस हेतु निर्धारित चेकलिस्ट पर अब तक हुए कार्यो की प्रगति की जानकारी ली(संलग्न) जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

दिनांक 01.08.2018 को सब सेंटर परीछा,परीछा गाव ,दोन ,दिगारा बरगाव जिला झाँसी का भ्रमण किया.वहां फैसिलिटी ब्रांडिंग में लोगो का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ था. हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर हेतु सामान में मेज, कुर्सी एवं आलमारी आ गए है परन्तु लैब का सामान अभी नहीं आया था. दोन में दीवाल पुताई का कार्य पूरा नहीं था.

दिनांक 02.08.2018 को पी.एच.सी.अम्बावयएवं भोजला एवं सब सेंटर भोजला का भ्रमण किया.एल.टी.पुरे ब्लाक में नहीं थे. वहां फैसिलिटी ब्रांडिंग में लोगो का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ था. हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर हेतु सामान में मेज, कुर्सी एवं आलमारी आ गए है परन्तु लैब का सामान अभी नहीं आया था.हैण्ड पंप खराब पाया गया. भोजला में नर्स प्रशिक्षित नहीं थी.

फैसिलिटी ब्रांडिंग का कार्य अभी नहीं हुआ था.मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मीटिंग करके संबंधित एजेंसी से अतिशीघ्र ब्रांडिंग का कार्य पूरा करवाने हेतु कहा.

मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी से मीटिंग कर उन्हें कार्य में आ रही कमियों की जानकारी दी उन्होंने  ने यह जानकारी दी कि दिनांक 04.08.2018 तक कंप्यूटर

क्रय एवं उपलब्धता पी.एच.सी. पर करवा दी जाएगी.इन्टरनेट ब्रोड्बैंड की व्यवस्था भी शीघ्र ही कर ली जाएगी.लैब उपकरणों एवं अन्य उपकरण की क्रय हेतु आर्डर कर दिया गया है दिनांक 10.08.2018 तक उपलब्धता पी.एच.सी. एवं सब सेंटर पर करवा दी जाएगी.

सी.बी.ए.सी.फॉर्म प्रिंटिंग हेतु दिया गया है इसे तीन दिनों में उपलब्ध करवा दिया जाएगा.जहाँ रूम चिन्हित नहीं थे वहां पी.एच.सी. एवं सब सेंटर के भ्रमण के दोरान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के लिए रूम एवं लैब चिन्हित करने का काम किया.

दिनांक 03.08.2018 से 04.08.2018 को जनपद चित्रकूट में पी.एच.सी.- भौरी,सेरेया एवं सीतापुर का भ्रमण किया.फैसिलिटी ब्रांडिंग का कार्य अभी प्राम्भ नहीं हुआ था.मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मीटिंग करके संबंधित एजेंसी से अतिशीघ्र ब्रांडिंग का कार्य पूरा करवाने हेतु कहा. मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह जानकारी दी कि दिनांक 04.08.2018 से फैसिलिटी ब्रांडिंग का कार्य आर.इ.एस. द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है.

मेडिकल ऑफिसर की ट्रेनिंग हो चुकी है. दिनांक 03.08.2018 को हमारे द्वारा आशा की एन.सी.डी. की ट्रेनिंग में प्रतिभाग किया गया तथा आशाओ को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के सम्बन्ध में जानकारी दी.नर्स का प्रशिक्षण हो चुका है.एल.टी. की जगह एल.ए.कार्य कर रहे है.ए.एन.एम. की पोस्टिंग हेतु आदेश दिया जा रहा है.

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह जानकारी दी कि दिनांक 10.08.2018 तक कंप्यूटर क्रय एवं उपलब्धता पी.एच.सी. पर करवा दी जाएगी.इन्टरनेट ब्रोड्बैंड की व्यवस्था भी शीघ्र ही कर ली जाएगी.

लैब उपकरणों एवं अन्य उपकरण की क्रय हेतु आर्डर कर दिया गया है दिनांक 10.08.2018 तक उपलब्धता पी.एच.सी. पर करवा दी जाएगी.

सी.बी.ए.सी.फॉर्म प्रिंटिंग हेतु दिया गया है इसे तीन दिनों में उपलब्ध करवा दिया जाएगा.

जहाँ रूम चिन्हित नहीं थे वहां पी.एच.सी. के भ्रमण के दोरान हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के लिए रूम एवं लैब चिन्हित करने का काम किया.

इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 03.08.2018 को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर हेतु चिन्हित 4 पी.एच.सी. के मेडिकल ऑफिसर ,फार्मासिस्ट ,लैब असिस्टेंट एवं बी.सी.पी.एम. के साथ मीटिंग किया एवं कार्य के प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा शीघ्र सभी कार्य पूर्ण करने हेतु कहा.

हमारे द्वारा दिनांक 04.08.2018 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मीटिंग की गई जिसमे ए.सी.एम.ओ.आर.सी.एच.,डी.पी.एम.,डी.सी.पी.एम.,क्वालिटी मेनेजर एवं अन्य स्टाफ साथ में थे. दिनांक 10.08.2018 तक सभी कार्य पूर्ण करने का आश्वासन सी.एम.ओ. द्वारा दिया गया.

जनपद में सभी बी.सी.पी.एम.की मीटिंग ली एवं उन्हें शीघ्र आशा भुगतान बी.सी.पी.एम.एम.आई.एस.के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया.

भ्रमण के दौरान भौरी एवं सरैया में गंदगी एवं अव्यवस्था दिखाई दी.शौचालय छतिग्रस्त एवं पेयजल का अभाव दिखाई दिया.टीम द्वारा भ्रमण के दौरान मेडिकल ऑफिसर को सुझाव दिया गया और मजदूरो द्वारा साफ सफाई व व्यवस्थित कराये गए.

हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर टीम के कार्यो की प्रगति की समीक्षा में यह सुझाव दिए गए गैप एनालिसिस के अनुसार दवाइया, उपकरण एवं लैब की उपलब्धता सुनिश्चित करे.

आशा प्रशिक्षण में एक प्रशिक्षक अनुपस्थित मिला.

जनपद भ्रमण के दौरान रीजनल कोऑर्डिनेटर
झाँसी,ए.सी.एम.ओ.,डी.पी.एम.,डी.सी.पी.एम.आदि का सहयोग रहा.